राज्य के कृषि एवं बागवानी मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यवृत्त
स्थान: ताज यशवंतपुर, बेंगलुरु
दिनांक: 14 और 15 जुलाई, 2022

*****

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में 14-15 जुलाई, 2022 को राज्य के कृषि एवं बागवानी मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन-2022, ताज यशवंतपुर, बेंगलुरु के ऑरा हॉल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा किया गया था और लॉजिस्टिक एवं अन्य व्यवस्थाएं कृषि विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा की गयी थीं। प्रतिभागियों की सूची **अनुबंध II** में दी गई है।

पहला दिन: 14.07.2022

(i) उद्घाटन सत्र

राष्ट्रगान के बाद, सम्मेलन का उद्घाटन **माननीय केंद्रीय कृषि** एवं **किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर,** कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री श्री बासवराज बोम्मई, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, माननीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री श्री भगवंत खुबा, कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी, माननीया कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, श्री मनोज आहूजा, सचिव (ए एंड एफडब्ल्यू), डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (डेयर), श्रीमती आरती आहूजा, सचिव (उर्वरक), राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के कृषि और बागवानी मंत्रियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

प्रारंभ में, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के **अपर सचिव, डॉ. अभिलक्ष लिखी** ने माननीय मंत्रियों, सचिवों, संयुक्त सचिवों, राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों एवं अन्य संगठनों, प्रेस और मीडिया तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों का हार्दिक स्वागत किया। इसके बाद डायस पर गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संबोधन किया गया।

श्रीमती आरती आहूजा, सचिव (रसायन और उर्वरक) ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि उर्वरक मंत्रालय में राज्यों तथा जिलों में उर्वरक की मात्रा की निगरानी के लिए एक प्रणाली है। ग्रीन अमोनिया और नैनो यूरिया पर काम शुरू हो गया है। उर्वरक क्षेत्र में नई नीति प्रणालियों के माध्यम से भू-राजनीतिक समस्याओं को हल करने की आवश्यकता है क्योंकि कच्चे माल का आयात किया जाता है और इससे उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि होती है, इसलिए भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने किसानों पर बोझ कम करने के लिए सब्सिडी प्रदान करके वित्तीय सहायता की घोषणा की है। भारत सरकार (जीओआई) ने उर्वरकों के क्रॉस मूवमेंट को रोकने के लिए "वन स्टॉप शॉप" मॉडल की योजना बनाई है। उन्होंने सभी राज्यों को नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देने और उसका उपयोग करने का सुझाव दिया तथा केंद्र के साथ मिलकर काम करने का अनुरोध किया ताकि सभी किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव (डेयर) और महानिदेशक (आईसीएआर) ने कहा कि आईसीएआर प्रति वर्ष राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करके आवश्यकता के अनुसार एक तकनीक विकसित कर रहा है। भारत सरकार ने

पिछले 8 वर्षों में 1956 नई किस्में जारी की हैं जिनमें से 80% जलवायु प्रतिरोधी हैं जो एक महत्वपूर्ण विकास है और पिछले 8 वर्षों की तुलना में यह दोगुनी है। प्रौद्योगिकी और सरकार की नीति के कारण दलहन उत्पादन वर्ष 2014-15 में 17 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 27 मिलियन टन हो गया। उन्होंने आगे कहा कि तिलहन फसलों के लिए भी इसी तरह के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। कन्वर्जेंस बहुत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रौद्योगिकी को किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। आईसीएआर ने बायो फोर्टिफाइड फसलों की किस्मों और मिलेट के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जो मानव स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि आईसीएआर देश में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए नए जैव उर्वरक विकसित कर रहा है और राज्य सरकारों से इनका उपयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने टिकाऊ उत्पादों में वृद्धि के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) और जैविक खेती (ओएफ) अपनाने का सुझाव दिया।

श्री मनोज आहूजा, सचिव (ए एंड एफडब्ल्यू) ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि तिलहन उत्पादन में 30% की वृद्धि हुई है। उन्होंने विपणन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विपणन प्लेटफॉर्म यानी वन नेशन वन मार्केट बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों अर्थात, पीएम-किसान - जिसके तहत 11.37 लाख किसानों ने डीबीटी के माध्यम से प्रति वर्ष 6000/- रुपये का लाभ उठाया; प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) जिसके तहत किसानों को जलवायु संकट के कारण जोखिम का सामना करने पर वित्तीय सहायता दी जाती है; किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन - 10,000 नए एफपीओ; राष्ट्रीय कृषि बाज़ार प्लेटफ़ॉर्म ऑफ़ प्लेटफ़ॉर्म्स - ई-नाम - राष्ट्रीय कृषि विपणन - उपज की ऑनलाइन बिक्री यानी, वन नेशन वन मार्केट - अपनी वस्तुओं को बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए, आदि विषयों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। बागवानी के मोर्चे पर, उन्होंने कहा कि देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बागवानी में व्यापक गुंजाइश है। उन्होंने आगे बताया कि विभाग लगभग 55 बागवानी क्लस्टर विकसित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने राज्य सरकारों से बागवानी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि किसानों को प्रशिक्षण देकर निर्यात के लिए बेहतर गुणवत्ता का उत्पादन करने में सक्षम बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकारों को दलहन, तिलहन और बागवानी में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान देना चाहिए। सतत कृषि, खाद्य सुरक्षा और पोषण सुनिश्चित करना, किसानों की आय में वृद्धि कृषि क्षेत्र का फोकस क्षेत्र होना चाहिए। किसानों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाए।

इसके बाद पीएम-किसान, पीएफएमबीवाई, एआईएफ, एमएसपी, केसीसी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीकेवीवाई, एफपीओ, खाद्य तेल जैसी कुछ प्रमुख योजनाओं के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की उपलब्धियों पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। 8 वर्षों के दौरान कृषि को आधुनिक बनाने और किसानों को सशक्त बनाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट वर्ष 2013-14 के 21935 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 1,24,000 करोड़ रुपये हो गया। खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2013-14 के 265.05 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 374.05 मिलियन टन (तीसरा अग्रिम अनुमान) हो गया। बागवानी उत्पादन वर्ष 2013-14 के 280 मिलियन टन से बढ़कर 2021-22 में 335.25 मिलियन टन हो गया। ई-नाम प्लेटफॉर्म ऑफ प्लेटफॉर्म्स (पीओपी) लॉन्च किया गया और ई-नाम पर एक कॉफी टेबल बुक जारी की गई जिसके बाद माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा 1018 एफपीओ को इक्विटी अनुदान जारी किया गया।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि इस 2 दिवसीय सम्मेलन में विश्व में अपनाई जाने वाली परिपाटी को समझकर देश के कृषि क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली और इसे अपने देश में कैसे लागू किया जा सकता है, पर विचार-विमर्श किया जाना है। कृषि

और उर्वरक एक दूसरे के पूरक हैं और दोनों मंत्रालय नवाचारों के लिए परामर्श करते हैं। उर्वरक एक ऐसा क्षेत्र है जो खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है और कृषि उत्पादन में वृद्धि करता है। देश में यूरिया का उत्पादन खपत से कम है इसलिए 65% यूरिया आयात करने की आवश्यकता पड़ती है जिससे आयात बिल बढ़ता है। 3000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाती है और विश्व में उर्वरक की कीमत बढ़ रही है। प्रधान मंत्री जी ने बार-बार कहा है कि मूल्य वृद्धि का बोझ किसानों पर नहीं पड़ना चाहिए। इन परिस्थितियों में नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू हो गया है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख टन नैनो यूरिया का उत्पादन हो रहा है। वर्ष 2025 से पहले नैनो यूरिया के नौ संयंत्र चालू हो जाएंगे और सरकारी कंपनी भी संयंत्र स्थापित करने जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उर्वरकों के समुचित वितरण के लिए रसायन एवं उर्वरक विभाग द्वारा एक एकीकृत उर्वरक प्रबंधन पोर्टल शुरू किया गया है। सभी राज्य सरकारों से पोर्टल पर पंजीकरण करने का अनुरोध किया गया था। इस पोर्टल पर जिलेवार उर्वरकों का दैनिक रिकार्ड उपलब्ध है, जिससे आवश्यकतानुसार उर्वरक का वितरण किया जा सके। सब्सिडी के कारण यूरिया और उद्योगों का राज्य से बाहर डाइवर्जन हो रहा है। मंत्री महोदय ने उद्योगों को सब्सिडी का डायवर्जन रोकने की भी अपील की क्योंकि सरकार किसानों को सब्सिडी दे रही है न कि उद्योगों को। राज्य सरकारों को समय-समय पर इसकी जांच करनी चाहिए। देश में 2.40 लाख उर्वरक केंद्र हैं और भारत सरकार प्रति वर्ष 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। विश्व की कुल खपत में से 35% यूरिया और फॉस्फोरस उर्वरकों की खपत भारत द्वारा की जाती है। देश में रॉक फॉस्फेट का उत्पादन कम होता है इसलिए इसे अन्य देशों से आयात किया जाता है। इसलिए, इन उर्वरकों की कीमतें अधिक हैं। नैनो यूरिया का उपयोग किसानों की आय को दोगुना करने में मदद करता है और लागत को कम करता है।

कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि हमारे देश की संस्कृति है। कृषि क्षेत्र में 1% की वृद्धि से विनिर्माण क्षेत्र में 4% और सेवा क्षेत्र में 10% की वृद्धि हो सकती है। किसान कृषि का संरक्षक है। हमारे देश का आर्थिक इंजन कृषि द्वारा निर्मित है क्योंकि इससे खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने किसान केंद्रित नीतियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आगे बताया कि कर्नाटक राज्य विविध मौसम, मृदा संरचना और फसलों के साथ 10 कृषि-जलवायु क्षेत्रों से संपन्न है, इसलिए, कोविड-19 अवधि के दौरान यहां 10% अतिरिक्त वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और मृदा कार्बन तथा नाइट्रोजन के स्थिरीकरण द्वारा मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती, पारंपरिक कृषि और आधुनिक कृषि की संतुलित परिपाटियों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि कर्नाटक डिजिटल कृषि में अग्रणी राज्य है। किसानों द्वारा और किसानों के लिए "किसान क्षीरा बैंक/किसान दुग्ध बैंक" की स्थापना की गई है। राज्य सरकार किसानों के बालकों के लिए "विद्यानिधि" छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। राज्य सरकार बेहतर उत्पादकता के लिए कर्नाटक में "भूचेतना" को फिर से शुरू करेगी। कर्नाटक में माध्यमिक कृषि निदेशालय की स्थापना की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए सभी कृषि एवं संबद्ध विभागों को एकीकृत किया है।

माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि के क्षेत्र में केंद्र सरकार और राज्य सरकारें हर संभव प्रयास कर रही हैं। कृषि बहुत संवेदनशील विषय है और विशेष रूप से इसका संबंध गरीब किसानों से है। उन्होंने सुझाव दिया कि केंद्र और राज्यों को मिलकर योजना बनानी चाहिए ताकि गांव में बैठे लघु किसानों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। उर्वरकों के क्षेत्र में आयात सब्सिडी को कम करने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के संदर्भ में हमारा देश अपनी खाद स्वयं तैयार कर सकता है। मेक इन इंडिया पर फोकस देना होगा जिससे नए उद्योग खुलेंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक और मध्य प्रदेश में डिजिटल कृषि पर किए जा रहे

अच्छे कार्यों की सराहना की। ई-नाम पर बोलते हुए, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि ई-नाम किसानों की उपज की इलेक्ट्रॉनिक बिक्री का मंच है और यह देश में विपणन के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य कर रहा है। लगभग 1000 मंडियों को ई-नाम से जोड़ा गया है और बड़ी संख्या में किसान भी इससे जुड़े हैं। माननीय मंत्री महोदय ने आगे सुझाव दिया कि पीएम-किसान में संतृप्ति प्राप्त करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए और प्रयास किए जाने चाहिए ताकि सभी पात्र किसानों को इसका लाभ मिल सके। मिलेट के महत्व पर जोर देते हुए माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने उल्लेख किया कि पहले के दिनों में इसका बहुत अधिक उपयोग होता था लेकिन धीरे-धीरे इसका उत्पादन कम हो रहा है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और भारत इसका नेतृत्व करेगा। प्राकृतिक खेती के विषय में उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने प्राकृतिक खेती पर जोर दिया है जिससे उपज की गुणवत्ता और साथ ही मिट्टी की शुद्धता में वृद्धि होगी तथा किसानों को उनकी उपज का अधिक मूल्य मिलेगा। उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य और मल्चिंग की तैयारी में देशी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग करके प्राकृतिक खेती के महत्व को व्यक्त किया। भारत सरकार ने 2019 से भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (बीपीकेपी) की शुरुआत की और इसके तहत 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कवर किया गया। बीपीकेपी के तहत आईसीएआर के हस्तक्षेप, पहल और प्रयासों को प्रत्येक क्षेत्र की वृद्धि में देखा जा सकता है अर्थात खाद्यान्न उत्पादन में 6.19%, तिलहन में 7.46%, कपास में 11.67% की वृद्धि हुई। पोस्ट एंट्री क्वारंटाइन (पीईक्यू) सुविधा ने रोग मुक्त गुणवत्ता वाली रोपण सामग्री प्रदान करने में मदद की। कोल्ड स्टोरेज चेन को सरकार के समर्थन, एकीकृत बागवानी विकास मिशन और करार कृषि पहल का लाभ 10 लाख से अधिक किसानों को दिया गया।

(ii) विषयगत विषयों पर प्रस्तुतियाँ

1. **वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के नए दिशानिर्देशों के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) में धन जारी करने पर प्रस्तुति - अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार: श्री संजीव कुमार**
   - वित्त वर्ष 2021-22 में, एसएनए खाते में कुल 10,416.83 करोड़ रुपये जारी किए जाने थे और आज तक 4,119.06 करोड़ रुपये कार्यान्वयन एजेंसियों के पास लंबित हैं तथा उन्हें अगली रिलीज प्राप्त करने की पात्रता के लिए 1,515.06 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे।
   - राज्य सरकारों को निम्नलिखित कार्य करने होंगे-
     - 20 जुलाई, 2022 तक या उससे पहले प्रत्येक केंद्र प्रायोजित योजना के केंद्र और राज्य के हिस्से को एसएनए खाते में स्थानांतरित करना।
     - अगली रिलीज की पात्रता के लिए एसएनए खाते में 25% से कम उपलब्ध राशि का उपयोग करना।
     - सीएफआई को शेयरिंग पैटर्न के अनुपात में एसएनए पर अर्जित ब्याज जमा करना।

असम के माननीय कृषि मंत्री श्री अतुल बोरा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में असम में माननीय कृषि मंत्री द्वारा किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि असम के मुद्दों पर प्रधान सचिव और आयुक्त द्वारा चर्चा की जाएगी।

2. **डिजिटल कृषि पर प्रस्तुति - संयुक्त सचिव: श्री प्रमोद कुमार मेहरदा**

महत्त्वपूर्ण विचार:

1. कृषि के डिजिटलीकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की भूमिका तथा उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला।
2. एग्रीस्टैक :
   यह एकीकृत किसान सेवा इंटरफेस (यूएफएसआई) है। यह सरकारों, एग्रीटेक, एग्री स्टार्ट-अप, एफपीओ और अन्य द्वारा किसानों के लिए डिजिटल सेवाओं के वितरण की प्रणाली है।

लाभ: खेती करने में आसानी और किसानों को अधिक लाभ। क्योंकि, यह यूनिक किसान आईडी बनाता है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक फार्म रिकॉर्ड, भू-संदर्भित गांव के नक्शे, रियल टाइम डिजिटल फसल सर्वेक्षण डेटा, मिट्टी की संरचना, मृदा स्वास्थ्य, मौसम डेटा और आईसीएआर रिपोजिटरी डेटा तथा कृषि प्रथाएं उपलब्ध होती हैं। लक्ष्य: मार्च 2023 तक कम से कम 75% राज्यों में काम पूरा किया जाना है। अंत में, कर्नाटक सरकार द्वारा किए गए डिजिटल कार्यों, अर्थात भूमि, फल, संरक्षण, फसल सर्वेक्षण आदि की सराहना की।

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री की टिप्पणी: वर्तमान परिस्थिति में कृषि में बड़े निवेश की आवश्यकता है। नुकसान होने पर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर हम तकनीक के हिसाब से आगे बढ़ते हैं तो सरकार के लिए काम करना आसान होगा और सरकार किसानों को नुकसान से बचाने की स्थिति में होगी।

3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)- संयुक्त सचिव: श्री रितेश चौहान

- पीएमएफबीवाई के महत्वपूर्ण डेटाबेस अर्थात योजना में नामांकित 37 करोड़ किसानों (खरीफ 2016 से) पर प्रकाश डाला गया।
- आंकड़ों से पता चला है कि पीएमएफबीवाई बीमा राशि प्रति यूनिट (रु./हेक्टेयर) में 87% की वृद्धि, योजना में स्वैच्छिक नामांकन के प्रतिशत में 53% की वृद्धि देखी गई है।
- किसानों की प्रमुख चिंताओं का समाधान हस्तक्षेपों के माध्यम से करने की आवश्यकता है जैसे: -
  क) पात्र दावों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करना
  ख) डिजिटल शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म द्वारा किसानों के बीच विश्वास मजबूत करना

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री जी की टिप्पणी: लघु/सामान्य किसान तक लाभ नहीं पहुंचता है। 2 बीघा भूमि वाले किसान भी इसका लाभ प्राप्त कर सकें और इसके लिए केंद्र और राज्यों को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

4. प्राकृतिक खेती - संयुक्त सचिव: श्री प्रियरंजन

- बढ़ती आबादी की खाद्य आपूर्ति के लिए हरित क्रांति के प्रभावों, अधिक उर्वरकों और एचवाईवी के उपयोग जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी के सूक्ष्म जीवों में गिरावट आई, को रेखांकित किया।
- जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य और मल्चिंग की तैयारी में देशी गाय के गोबर और मूत्र का उपयोग कर प्राकृतिक खेती के महत्व को व्यक्त किया।
- माननीय प्रधान मंत्री मोदीजी के 16 दिसंबर, 2021 के भाषण के अंशों को दोहराया, अर्थात, 'खेती को प्रयोगशाला से बाहर निकालने और प्राकृतिक प्रयोगशाला से जोड़ने की आवश्यकता है'

- प्राकृतिक खेती के समर्थन में भारत सरकार ने 2019 से भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (बीपीकेपी) की शुरुआत की और 8 राज्यों में बीपीकेपी के तहत 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया तथा अन्य पांच राज्यों में 1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र के लिए मंजूरी मिली।
- प्राकृतिक खेती के तहत अधिक क्षेत्र लाने से पृथ्वी और जीवों को बचाया जा सकेगा।

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री जी की टिप्पणी: यह विषय हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी की आत्मा उन्हीं में निवास करती है जो उसे पोषक तत्व प्रदान करते हैं। प्राकृतिक खेती हमारी पारंपरिक प्रणाली है। हमें प्राकृतिक खेती की संस्कृति को विकसित कर इसे बाजार देना है और इसे लाभदायक बनाना है ताकि किसान निराश न हों।

5 एवं 6. विपणन पर प्रस्तुतिकरण (एफपीओ और ई-एनएएम) - संयुक्त सचिव: डॉ. एन. विजया लक्ष्मी

- रु. 15 लाख तक का मैचिंग इक्विटी अनुदान; रु. 18 लाख की प्रबंधन लागत; और 2 करोड़ रुपये तक के परियोजना ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी फंड
- बर्ड, लखनऊ; एनआईएएम, जयपुर और लिनैक, गुरुग्राम के माध्यम से एफपीओ का क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और कौशल विकास
- पंजीकृत कुल एफपीओ- 3,133 जिनमें से महिला एफपीओ का गठन- 245
- जारी किया गया कुल इक्विटी अनुदान- 16.99 करोड़
- सरकार ने एफपीओ के साथ अधिक सहयोग करने और कृषक समुदाय के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए उद्योगों के लिए एक औपचारिक प्रवेश तंत्र बनाया है
- एफपीओ उत्पादों को न्यूनतम 60% संस्थागत बाजार लिंकेज प्रदान करने का लक्ष्य है
- अब तक कृषि मूल्य श्रृंखला संगठनों को 900 एफपीओ आवंटित किए जा चुके हैं
- राज्य सरकारों से अपेक्षाएं-
    - पिछले वित्तीय वर्षों - 2020-21 और 2021-22 के लिए लगभग 1,500 डी-एमसी अनुमोदन लंबित हैं
    - चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए लगभग 2,500 डी-एमसी अनुमोदन की आवश्यकता होगी
    - कृषि मेला आदि जैसे मौजूदा राज्य अभियानों के हिस्से के रूप में एफपीओ जागरूकता कार्यक्रम
    - लाइसेंस के लिए एफपीओ को तरजीही व्यवस्था - कृषि इनपुट और मंडी ट्रेडिंग
- **ई-नाम**
    - **कवरेज-** बाजार- 1260, राज्य - 22, संघ राज्य क्षेत्र - 3
    - **हितधारक-** किसान - 1.73 लाख, व्यापारी 2.26 लाख, कॉमन एजेंट - 1.05 लाख; एफपीओ - 2100 से अधिक
    - **ई-भुगतान-** इनवॉइस - 6.5 लाख, मूल्य- रु. 2,165 करोड़
    - **व्यापार-** व्यापार का परिमाण- 6.10 करोड़ एमटी, व्यापार मूल्य - रु. 2.05 लाख करोड़, अधिसूचित जिंसें- 193
    - **प्रारंभिक प्रशिक्षण-** प्रशिक्षण- 5,390, हितधारक भागीदारी- 4.83 लाख
- डिजिटल परिवर्तन (ऑनलाइन व्यापार और प्रतिस्पर्धी मूल्य खोज) - अग्रणी राज्य: तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पुडुचेरी, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड
- एकीकृत तौल प्रणाली (एकीकृत तौल पैमाने के माध्यम से पारदर्शिता और सटीकता) - अग्रणी राज्य: तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान

- गुणवत्ता परख आधारित व्यापार (वस्तुओं की वास्तविक गुणवत्ता के आधार पर कीमतें) - अग्रणी राज्य: राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना।
- किसान को सीधा भुगतान (सशक्त ई-भुगतान प्रणाली) - अग्रणी राज्य: तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री की टिप्पणी: दुरुपयोग को रोकने के लिए एफपीओ की कड़ी निगरानी की जाए। 5, 8 और 10 बीघा भूमि वाले किसानों को एफपीओ के नेटवर्क में लाया जाए। 2 बीघा वाले किसान को कोई फायदा नहीं हुआ और उसकी हालत जस की तस बनी हुई है.

7. नए युग के उर्वरकों पर प्रस्तुति- संयुक्त सचिव: सुश्री ए नीरजा

- नए युग के उर्वरक समय की आवश्यकता हैं क्योंकि वे स्वदेशी रूप से निर्मित, लागत प्रभावी, पर्यावरण के अनुकूल, कुशल और संभालने में आसान हैं।
- नए युग के उर्वरकों के प्रकार- नैनो उर्वरक, पीडीएम, किण्वित खाद, पानी में घुलनशील उर्वरक, अनुकूलित उर्वरक, सिंगल सुपर फॉस्फेट।
- किसानों को नैनो उर्वरकों के लाभ- उच्च फसल उपज, कुशलतापूर्वक उपयोग, आसान परिवहन, पारंपरिक यूरिया का 50% तक प्रतिस्थापन
- कृषि आदानों और सेवाओं के लिए वन स्टॉप शॉप के लिए नई नीतिगत पहल।
- राज्यों से अपेक्षा-
    - नए युग के उर्वरकों का प्रचार
    - उर्वरकों का संतुलित उपयोग
    - डीएपी की जगह एसएसपी को बढ़ावा
    - उर्वरकों की आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी
    - उर्वरकों के अंतर-जिला एवं अंतरा-जिला संचलन के लिए सूक्ष्म योजना

8. कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) पर प्रस्तुति - संयुक्त सचिव: श्री सैमुअल प्रवीण कुमार

- पहली बार **15** मई **2020** को वित्त मंत्रालय द्वारा आत्म निर्भर भारत पैकेज के तहत शुरू किया गया। **8** जुलाई**, 2021** को कैबिनेट समिति द्वारा अनुमोदित संशोधन और मई **2022** में माननीय कृषि मंत्री द्वारा अनुमोदित।
- महत्वपूर्ण एआईएफ पर प्रकाश डाला - उच्च फसलोपरांत की हानि**,** विशाल अवसंरचना की कमी**,** बिचौलियों पर निर्भरता**,** दीर्घकालिक संस्थागत वित्त पोषण की कमी**,** कृषि में धीमी तकनीक अपनाना।
- एआईएफ के तहत सहायता - ब्याज सबवेंशन**,** क्रेडिट गारंटी**,** कन्वर्जेंस**,** परियोजना पात्रता।
- पात्र लाभार्थी हैं - किसान**,** किसान समूह**,** कृषि उद्यमी**,** बड़े व्यवसाय और राज्य एजेंसियां।
- राज्य स्तर**,** जिला स्तर और नाबार्ड के माध्यम से प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्य।

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री की टिप्पणी: आम धारणा है कि बैंक आसानी से ऋण नहीं देते हैं। कृषि मंत्रालय ने पोर्टल बनाया राज्यों को मेरा सुझाव है कि वे कार्यान्वयन एजेंसी बनाएं। स्थान**,** व्यक्ति और परियोजना की पहचान करें और पोर्टल पर अपलोड करें। हम हर महीने समीक्षा बैठक करते हैं। उन्हें **60** दिनों के भीतर और कम मेहनत के साथ ऋण मिल जाएगा। 90000 करोड़ की परियोजनाएं मंजूर किए गए हैं।

9. उप महानिदेशक डॉ. ए.के. सिंह द्वारा आईसीएआर संस्थानों द्वारा नई प्रौद्योगिकियों पर प्रस्तुति:

प्रस्तुति इतिहास में आईसीएआर और उसके संस्थानों के कार्य और भूमिका के बारे में बताया गया। शुरुआत **1879** में पुणे में फिर **1905** (इंपीरियल एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट) और **1929** (इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च) में हुई थी। आईसीएआर के तहत कई विश्वविद्यालय और केवीके हैं। इसमें विशेष संस्थान हैं। फसल विज्ञान में **28** संस्थान, बागवानी में **23** संस्थान, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में **50** संस्थान, कृषि इंजीनियरिंग में **5** संस्थान हैं। इसमें आलू, गन्ना, धान, गेहूं आदि वस्तुओं पर विशेष संस्थान हैं। केवीके द्वारा नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जाता है और बीज और रोपण सामग्री का उत्पादन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम **5** करोड़ किसान तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। किसान सारथी प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कृषि आकस्मिकता योजना बनाई है। उन्होंने बताया कि आईसीएआर ने जलवायु प्रतिरोधी किस्मों के मॉडल और जैव-फोर्टिफाइड किस्मों को भी विकसित किया है।

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री की टिप्पणी: नए बीज आते हैं लेकिन पुराने बीजों का उपयोग जारी है जो उत्पादकता को प्रभावित करते हैं। हमें पुराने बीजों को रोकने के प्रयास करने होंगे। प्रौद्योगिकी राज्यों के लिए उपयोगी है और उन्हें इसका उपयोग करना चाहिए।

10. बागवानी पर प्रस्तुति- संयुक्त सचिव: श्री प्रियरंजन

- बागवानी कुल खेती वाले क्षेत्र का 18% कवर करता है
- 2021-22 में 27.5 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र से 333.25 मिलियन मीट्रिक टन बागवानी उत्पादन
- 2021-22 में ताजे फल और सब्जियों के निर्यात का कुल मूल्य 12,540.57 करोड़ रुपये था
- मसालों का कुल निर्यात 29,273.86 करोड़ रु.
- पिछले 7 वर्षों में, बागवानी के तहत क्षेत्र 23.4 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 27.5 मिलियन हेक्टेयर (17.74%) हो गया है, जबकि समेकित बागवानी विकास की सहायता से उत्पादन 280.9 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 333.25 मिलियन हेक्टेयर (18.63%) हो गया है।
- एमआईडीएच का उद्देश्य क्षेत्र आधारित क्षेत्रीय रूप से विभेदित कार्यनीतियों के माध्यम से बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है, जिसमें अनुसंधान, प्रौद्योगिकी संवर्धन, विस्तार, फसलोपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण और विपणन, प्रत्येक राज्य/क्षेत्र और इसके विविध कृषि जलवायु विशेषताएं के तुलनात्मक लाभ के अनुरूप है।
- राज्यों से अपेक्षाएं-
  - काजू, आला दर्जे की फसलों और विदेशी फल फसलों जैसी बागवानी प्राथमिकता वाली फसलों के साथ तालमेल बिठाने की कार्य योजनाएँ
  - फसलोपरांत के प्रबंधन के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देना
  - सार्वजनिक-निजी भागीदारी में मूल्यवर्धन और प्रसंस्करण अवसंरचना
  - विदेशी और देशी फलों पर ध्यान देना
  - सेब जैसी फसलों के लिए ट्रेलिस जैसी सहायक संरचना के साथ अल्ट्रा हाई डेंसिटी वृक्षारोपण की शुरूआत।

माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री की टिप्पणी: हम किसानों को पौधे उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। हमें इसकी चिंता है। यह सुझाव दिया गया है कि राज्यों को एक मदर नर्सरी बनाना चाहिए। हमारी ओर से जिस प्रकार की सहायता

की आवश्यकता होगी वह दी जाएगी। आप चाहें तो पीपीपी मोड में जा सकते हैं। आईसीएआर से दिशा-निर्देशों की किसी भी सहायता की आवश्यकता है, हम सहायता करेंगे। पौधरोपण को लेकर बड़ी चुनौती है।

(iii) राज्य के कृषि और बागवानी मंत्रियों का सत्र

10 विषयगत विषयों पर प्रस्तुतीकरण के बाद, माननीय राज्य कृषि मंत्रियों को एक-एक करके अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस सत्र का संचालन माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी ने किया।

I. माननीय कृषि एवं सहकारिता, विपणन और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री - आंध्र प्रदेश राज्य: श्री काकानी गोवर्धन रेड्डी

- आंध्र प्रदेश में, कृषि क्षेत्र में किसानों को उनकी आय के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। आंध्र प्रदेश सरकार की कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं हैं:
  क) वाईएसआर रायथु भरोसा - पीएम-किसान
  ख) कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए मुफ्त बिजली आपूर्ति
  ग) सार्वभौमिक और मुफ्त फसल बीमा
  घ) ब्याज मुक्त फसल ऋण
  ड़) प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल के नुकसान के लिए आदान सब्सिडी
  च) एमएसपी पर कृषि फसल उपज की फार्म गेट खरीद
  छ) बाजार स्थिरीकरण
- कृषि और बागवानी के तहत प्रत्येक एकड़ भूमि को ई-फसल मंच के माध्यम से डिजिटल रूप से पंजीकृत किया जाता है।
- राज्य किसानों को आसानी से और तुरंत फार्म मशीनरी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फार्म इम्प्लीमेंट्स के साथ ग्राम/आरबीके स्तर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करके बड़े पैमाने पर फार्म मशीनीकरण उपलब्ध कर रहा है।

I. माननीय कृषि मंत्री - पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र श्री सी. जयकुमार

- चावल परती क्षेत्रों और अंतर-फसल को लक्षित करने के लिए भारत सरकार की वित्तीय सहायता से कम पानी की खपत वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन और मिलेट की खेती को बढ़ावा देकर भूजल के संरक्षण और उपयोग के लिए मोनो फसल क्षेत्रों से फसलों के विविधीकरण को प्राप्त करने के लिए कई उपाय शुरू किए गए हैं।
- किसानों की अधिक भागीदारी के साथ पीएमएफबीवाई का कार्यान्वयन।
- 2018 में ई-नाम के कार्यान्वयन ने 2019 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पीएम पुरस्कार प्राप्त किया।
- पीएम-किसान योजना के तहत अब तक 11,285 लाभार्थी पोर्टल में पंजीकृत होकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।
- मृदा की उर्वरता बढ़ाने के उद्देश्य से सीएसएस परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) के माध्यम से जैविक खेती को बड़े पैमाने पर लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

III. माननीय कृषि मंत्री - मध्य प्रदेश: श्री कमल पटेल

- पीएफएमबीवाई में सुधार की आवश्यकता है। किसानों की फसल/उत्पादन पर बीमा हो।
- पिछले 2 वर्षों में किसानों को 17,000 करोड़ रुपये बीमा राशि का भुगतान किया गया
- वन गांव - पीएमएफबीवाई के लिए राजस्व गांवों के संघर्ष को भारत सरकार के सहायता से हल किया गया है।
- एमएसपी खरीद के लिए प्रति किसान सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया। फसलों का मूल्य एमएसपी पर तय होना चाहिए।
- किसान सम्मान निधि का क्रियान्वयन। 82 लाख किसानों को 18,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई।
- 0% ब्याज पर ऋण देने का सुझाव दिया।
- जैविक और प्राकृतिक खेती के लिए अग्रणी राज्य।
- मध्य प्रदेश को लगातार 7 वर्षों तक कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

IV माननीय बागवानी मंत्री - उत्तर प्रदेश: श्री दिनेश प्रताप सिन्हा:

हमें सबसे सक्षम व्यक्तियों को खेती में लाना चाहिए। हम युवाओं को जोड़ने के लिए गांवों में बैठकें करते हैं। बैंकिंग समस्या है। वे ऋण नहीं देते हैं। हमें उन्हें क्रेडिट लिंक से मुक्त करना चाहिए।

V माननीय कृषि मंत्री - कर्नाटक राज्य: श्री बी.सी. पाटिल

- किसानों को एक मंच यानी किसान पंजीकरण और एकीकृत लाभार्थी सूचना प्रणाली (फ्रूट्स) के तहत लाने के लिए कृषि में डिजिटल कृषि हस्तक्षेप शुरू हुआ। यह एक मंच पर कृषि भूमि की जानकारी और कृषि ऋण विवरण का केन्द्र बनाने के लिए एक ई-गवर्नेंस पोर्टल है।
- कर्नाटक में भूमि से जुड़े 78 लाख किसान भंडार डेटा हैं और बाद में फसल सर्वेक्षण से जुड़े हैं। 46 लाख भूमि फसल सर्वेक्षण किसानों ने स्वयं किया है।
- कर्नाटक के पास कृषि के लिए आवश्यक मृदा प्रोफाइलिंग, मौसम डेटा और अन्य संबद्ध डेटा का डिजिटल डेटा है।
- कर्नाटक में पीएमएफबीवाई का अपना पोर्टल केआरएस-पीएमएफबीवाई (संरक्षण) है जिसका भूमि, आधार पोर्टल, मौसम डेटा, फसल सर्वेक्षण और एनपीसीआई के साथ एकीकरण है।
- कृषि मंत्रालय, कर्नाटक ने थ्रेसहोल्ड यील्ड (टीवाई) की गणना के लिए लागू/प्रयुक्त प्रक्रिया पर आपत्ति जताई और भारत सरकार से संशोधन लाने के लिए कहा।
- **पीएम-किसान -** केंद्रीय हिस्सा 6000 रु. प्रति वर्ष के साथ 4000 रु. /- प्रति वर्ष कर्नाटक सरकार द्वारा अतिरिक्त हिस्सा। दिया जाता है। कुल मिलाकर, इस योजना में प्रति वर्ष 10,000 रु. प्रति किसान से लाभान्वित होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष -** परंपरागत रूप से उगाए गए बाजरा और वर्तमान में 6.5 लाख हेक्टेयर को प्रोत्साहित करना। क्षेत्र विभिन्न प्रकार के मिलेट के अधीन है।
- **रायथा सिरी -** सभी मिलेट की खेती। इस योजना में 78303 किसान लाभान्वित हुए। सरकार 6000/- रुपये प्रति हेक्टेयर प्रदान करती है।
- **मुख्यमंत्री रायथा विद्या निधि -** केवल 8वीं से 10वीं कक्षा की लड़कियों के लिए 2000/- रुपये प्रदान करके किसानों के बच्चों को शिक्षा को प्रोत्साहित करना। 2500 रु./- से 11,000/- पीयूसी, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट के लिए प्रदान किया जाना है 2021-22 के दौरान 7 लाख बच्चों को 262.00 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति मिली है।

- बीएससी कृषि में शामिल होने के लिए, कृषक समुदाय के बच्चों के लिए कृषि कोटा में आरक्षण 40 से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है।
- **कृषि यंत्रीकरण को सहायता -** वर्तमान वर्ष के दौरान डीजल सब्सिडी 250/- रुपये प्रति एकड़ से अधिकतम 5 एकड़ तक प्रदान की जा रही है।
- **कृषि संजीवनी -** एक चल प्रयोगशाला वैन है जो मृदा परीक्षण और जल परीक्षण सुविधा से सुसज्जित है। कृषि डिप्लोमा और कृषि डिग्री धारक कीटों और बीमारियों से संबंधित किसानों के प्रश्नों का उत्तर देते हैं। राज्य में 742 आरएसके में से प्रत्येक को मोबाइल वैन उपलब्ध कराने की योजना है।
- कृषि मंत्री ने किसानों की स्थिति को समझने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए व्यक्तिगत रूप से सभी जिलों का दौरा किया (रैथारोंडिगोंडुडीना कार्यक्रम)।

VI माननीय कृषि मंत्री - उत्तर प्रदेश: श्री सूर्य प्रताप शाही

- हमने पीएम-किसान को छोड़कर डीबीटी के माध्यम से 1.18 करोड़ रु. किसानों के खातों में 2731.00 करोड़ रूपए आवंटित किए।
- हमें खेत तालाब के लिए 15000 आवेदन प्राप्त हुए हैं और हम केवल इन किसानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेंगे।
- गंगा-यमुना पट्टी के कारण हमारे राज्य में शायद ही कभी सूखा पड़ा हो, इसलिए हम अपने राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को ठीक से लागू नहीं कर पाए। नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण हर साल बारिश के मौसम में लगभग 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाढ़ आ जाती है। कुछ बीमा कंपनियों को भी इन किसानों से आवेदन नहीं मिले। इसी तरह हम ऐसे किसानों को एक-दो महीने के भीतर सहायता प्रदान करते हैं जबकि बीमा कंपनियों को पीएमएफबीवाई के तहत दावों का निपटान करने में कम से कम एक वर्ष का समय लगता है।
- हम प्राकृतिक खेती भी कर रहे हैं। हमने जनवरी 2020 के दौरान गंगा नदी के पास रहने वाले 1730 किसानों को कवर करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की है। हम राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गंगा यात्रा कर रहे हैं। हम सभी 24 सब डिवीजनों में जैविक खेती करने की कोशिश कर रहे हैं। हम राज्य के सभी जिलों में प्रशिक्षण आयोजित करने की भी योजना बना रहे हैं। जैसा कि माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा है, हम बुंदेलखंड को जैविक खेती का हब बनाने का प्रयास कर रहे हैं। "नमामि गंगे" कार्यक्रम के तहत हम लगभग 85710 हेक्टेयर को कवर कर रहे हैं। हम देसी गाय की मदद से प्राकृतिक खेती भी करने की कोशिश कर रहे हैं।
- 1265 नंबर के एफपीओ के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। हमने मार्च 2023 तक 200 एफपीओ के गठन को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि, हम और 625 एफपीओ का गठन करेंगें।
- हम बागवानी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और अगले पांच वर्षों के दौरान इसके योगदान को 25% से बढ़ाकर 40% करने का प्रयास कर रहे हैं। हम बागवानी फसलों के लिए उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित कर रहे हैं। लेकिन ब्रीडर बीज हमारे पास उपलब्ध नहीं है, इसे उत्तर प्रदेश के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाता है।

- भारत सरकार से यह भी अनुरोध है कि दलहन-तिलहन अंतर-फसल योजना लाए, ताकि हम गन्ने के क्षेत्र को कम कर सकें जो दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

VII माननीय कृषि मंत्री - अरुणाचल प्रदेश: ईजी. तागे ताकी

- हम जनसंख्या के हिसाब से बहुत छोटे हैं, मैंने सभी पीपीटी देखे हैं, भारत सरकार से अनुरोध है। कि सभी गतिविधियों के लिए सामूहिक सर्वेक्षण करने के लिए क्योंकि हम पीस मील सर्वे के कारण समस्या का सामना कर रहे हैं। भारत सरकार को केवल एक सर्वेक्षण करना चाहिए जिसमें भूमि, फसल, मृदा आदि जैसी सभी गतिविधियाँ शामिल हों, ताकि इसे आसान और सुविधाजनक बनाया जा सके। हम एक ही कृषि-जलवायु स्थिति वाले तीन जिलों का एक बार में सर्वेक्षण करना चाहते हैं।
- हम प्राकृतिक खेती तो कर रहे हैं लेकिन ढलान वाले इलाके में हमारे चाय और रबड़ के बागान हैं, जहां हम प्राकृतिक खेती नहीं कर पा रहे हैं. तथापि हम अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र का विस्तार करेंगे।
- हमारे राज्य में ई-नाम बहुत प्रभावी नहीं है। तथापि, हमने असम सीमा क्षेत्र के पास 4 बाजार शुरू किए हैं। एफपीओ और एफपीसी बनाने के लिए हमारे पास किसानों की आबादी भी बहुत कम है। हालांकि, हमने एक जिले में एक एफपीओ बनाया।
- जहां तक नैनो यूरिया का संबंध है, हमने एक जैविक खाद तैयार कर आईसीएआर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में उसका परीक्षण कराया है। अगर यह प्रमाणित है, तो हम इसे किसानों को आपूर्ति कर सकते हैं। हम नैनो यूरिया भी आजमाएंगे।
- 1.15 लाख किसानों के लक्ष्य के मुकाबले हमने पीएम-किसान के तहत 99,000 किसानों का लक्ष्य हासिल किया है। हम बाकी किसानों को भी शामिल करेंगे।
- हमारे पास एग्री-इन्फ्रा फंड का प्रावधान है, लेकिन विशेष रूप से फसलोपरांत प्रबंधन में इसकी ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कृषि-इन्फ्रा के बजाय कृपया बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार में हमारी मदद करें। हमारी कुछ अलग समस्याएं हैं। गाय और अन्य घरेलू जानवरों को खुले मैदान में चरने की अनुमति है जिससे फसल को नुकसान होता है और इस वजह से फसलों के क्षेत्र के विस्तार के लिए बाड़ लगाना सबसे महत्वपूर्ण है।
- इसलिए हमें बागवानी क्षेत्र में विशेष रूप से कीवी, अनानास, संतरा आदि के लिए कुछ प्रावधान दिया जाना चाहिए।
- हमें सड़क अवसंरचना संरचना, भूमि विकास और कृषि आदान में सहायता की आवश्यकता है।

VIII माननीय कृषि मंत्री - उत्तराखंड: श्री. गणेश जोशी

- हमने अपनी सभी मंडियों को ई-एनएएम से जोड़ दिया है।

- सेब उत्पादन में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के बाद हमारा तीसरा स्थान है। हमें उत्पादन बढ़ाने के लिए सेब की संकर किस्म का उपयोग करना होगा। हम बागवानी पौधों की कमी का सामना कर रहे हैं। हम और नर्सरी स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। हम अपने राज्य में बागवानी-पर्यटन को विकसित करने की भी कोशिश कर रहे हैं जैसे कि यूएसए में स्थापित जहां लोग एकल फसल खेतों का दौरा करते हैं। हमने सरकार को बागवानी क्षेत्र के लिए 200 करोड़ रुपए का अनुमोदन के लिए भेजा है। हमने सरकार को प्रति "बूंद अधिक फसल" के तहत 99.00 करोड़ रूपए का अनुमोदन के लिए प्रोजेक्ट भी भेजा है।
- हमारा राज्य देश के उत्तर पूर्वी राज्यों की तरह एक छोटा राज्य है, भारत सरकार को पूर्वोत्तर राज्यों की तरह "एमओवीसीडीएनईआर" के तहत 100% सब्सिडी प्रदान करनी चाहिए। हमने सीमा क्षेत्र में अखरोट के पेड़ लगाए हैं। हमें पहाड़ी क्षेत्रों में फल फसलों के लिए कोल्ड स्टोरेज की स्थापना के लिए धनराशि दी जानी चाहिए।

IX माननीय कृषि मंत्री - केरल: श्री. पी प्रसाद

हम आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और पारंपरिक ज्ञान के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोगी एकीकरण का लक्ष्य रखते हैं, सेवाओं और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के वितरण में तालमेल बिठाते हैं। इस दृष्टि को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने कृषि विकास के साथ-साथ किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं तैयार की हैं और लागू कर रही हैं। सरकार सामूहिक दृष्टिकोण से जैविक उत्पादों को लोकप्रिय बनाने और प्रमाणन के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं की मदद से कार्यक्रम तैयार कर रही है। अन्य राज्यों के विपरीत, एक गृहस्थ संस्कृति होने के कारण, प्रत्येक घर में खाद्य उत्पादन के लिए योगदान करने के लिए कुछ न कुछ है। यह रियासतों की संरचना में विविधता लाएगा, खाद्य उत्पादन का विकेंद्रीकरण करेगा और आत्मनिर्भरता लाएगा। आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) में प्रगति का उपयोग करना और अधिक अवसर प्रदान करने के लिए एग्रीस्टैक प्लेटफॉर्म लॉन्च करना इस तरह के सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए एक और निश्चित कदम है। इन अवधारणाओं के आधार पर, केरल सरकार ने राज्य में डिजिटल कृषि के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए गंभीर कदम उठाए हैं। हमने प्रभावी सेवा वितरण और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को समय पर जानकारी देने के लिए एक वेब आधारित मंच, एमआईएमएस कृषि सूचना प्रबंधन प्रणाली तैयार और विकसित की है। हम एफपीओ के संबंध में भारत सरकार की नीतियों के साथ भी सहमत हैं और फसल के बाद के बुनियादी ढांचे के निर्माण की कल्पना करते हैं और अधिक सहायता के लिए तत्पर हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम अर्थात् प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना पूरे राज्य में लागू की जा रही है। हालांकि, हमारे राज्य की अधिकांश फसलों की कंपित फसल पैटर्न और बारहमासी प्रकृति जैसी कुछ अड़चनें, कार्यक्रम में निर्धारित कुछ शर्तों के लिए कुछ राज्य विशिष्ट परिशोधन की आवश्यकता होती है।

खेती में क्लस्टर दृष्टिकोण केरल में एक सफल मॉडल साबित हुआ है। कृषि विकास में समूहों की ताकत के आधार पर, राज्य ने केरल में विशेष परिस्थितियों का उपयोग करने के लिए एफपीओ के गठन और पोषण के संबंध में एक नीति तैयार की है, जहां भले ही भूमि जोत खंडित हो, इन भूखंडों की उत्पादन क्षमता में भारत में अन्य राज्यों की तुलना में पूर्ण रूप से बहुत अधिक है। अभी तक भारत सरकार और जीओके के अनुसार

एफपीओ फॉर्मेशन संतोषजनक तरीके से प्रगति कर रहे हैं। हमारे पास वीएफपीसीके (वेजिटेबल एंड फ्रूट प्रमोशन काउंसिल केरलम) के तहत 41 एफपीओ हैं यानी कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत हैं; उनमें से बड़ी संख्या में निर्यातक संगठन हैं।

राज्य के एक प्रमुख आदिवासी इलाके अट्टापदी के गांवों में पारंपरिक फसलें जैसे कि मिलेट और फोक्स टेल मिलेट को फिर से पेश किया गया। निर्यात की सुविधा के लिए मिलेट की जैविक खेती को जियो-टैग किया गया है। केरल राज्य कार्बन न्यूट्रल कृषि के साथ आगे बढ़ने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ले रहा है। इस संबंध में, मैं कृषि मंत्रालय, भारत सरकार से पर्यावरण और वन मंत्रालय के परामर्श से एक प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने के लिए एक सामान्य प्रोटोकॉल विकसित करने का अनुरोध करता हूं। हमने समुद्र तल से नीचे की खेती में भी नैनो यूरिया का इस्तेमाल किया है। भारत सरकार नैनो यूरिया क्षेत्र के उपयोग पर एक आक्रामक कार्यक्रम की कल्पना कर सकती है, जो इसे कृषि के लिए इस्तेमाल करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित कर सकता है। केरल को अनानास और मसालों के लिए अलग-अलग बागवानी क्लस्टर आवंटित करना आवश्यक है। इसे फिर से प्रदान करने का अनुरोध किया जाता है। विशेष रूप से नारियल तेल के स्थानीय उत्पादन को समर्थन देने के लिए वनस्पति तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाना आवश्यक है।

मसालों विशेषकर काली मिर्च और इलायची पर आयात शुल्क भी बढ़ाया जाना चाहिए। प्राकृतिक रबर के मामले में भी यही दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। तभी केरल के उन किसानों का जीवन लाभान्वित होगा जो इन क्षेत्रों से संबंधित जीवन व्यतीत करते हैं।

X माननीय कृषि मंत्री - पंजाब: श्री कुलदीप सिंह धालीवाल

पंजाब के माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य एक कृषि केंद्र है और राज्य ने कृषि उपज में योगदान दिया है। तथापि, अब किसानों की हालत बहुत खराब है और उन्होंने केंद्र से किसानों का कर्ज माफ करने का अनुरोध किया ताकि वे फिर से खड़े होकर देश के लिए योगदान दे सकें।

उन्होंने अनुरोध किया कि पाकिस्तान के साथ व्यापार फिर से शुरू किया जाना चाहिए। पराली जलाने का मुद्दा बड़ा है और अगर किसान को प्रति एकड़ 2500/- रुपये की सहायता दी जाती है तो, इससे किसान को मदद मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार से लगभग 1125 करोड़ रुपए की सहायता की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, उनके द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के लिए निधियां प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

XI माननीय कृषि मंत्री- सिक्किम: श्री लोकनाथ शर्मा

सिक्किम के माननीय मंत्री ने कहा कि सिक्किम देश का पहला पूर्ण जैविक राज्य है। यह राज्य केंद्र की सभी योजनाओं को डिजिटल कृषि के माध्यम से कार्यान्वित कर रहा है। एफपीओ का पंजीकरण भी प्रगति पर है। राज्य को एआईएफ से सहायता की जरूरत है। यह राज्य मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर योजना का कार्यान्वयन कर रहा है जिसके माध्यम से किसानों को प्रोत्साहन दिया जाता है। राज्य पशुधन योजना के तहत किसानों को प्रोत्साहन भी देता है। पड़ोसी राज्यों को 70,000 लीटर दूध की आपूर्ति की जाती है। सिक्किम ने केसर के रोपण और अनुसंधान

के लिए जम्मू व कश्मीर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके लिए केंद्र सरकार की सहायता की आवश्यकता है। मधुमक्खी पालन के लिए राज्य ने 2-4 मॉडल तैयार किए हैं।

Xii माननीय कृषि मंत्री-बिहार: श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह

बिहार के माननीय मंत्री ने बताया कि बागवानी में बहुत काम हो रहा है। वे डिजिटल प्लेटफॉर्म में सक्रिय हैं। 47 लाख किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। बैंक किसानों की सहायता करने को तैयार नहीं हैं। बैंकों के असहयोग के कारण पीएमएफबीवाई को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित नहीं किया जा सका। सरकार को इन बैंकों पर नियंत्रण करना चाहिए। 12-13 जिलों में गंगा तट के पास जैविक खेती के साथ कृषि के क्षेत्र के प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध किया गया था। प्राकृतिक खेती उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई है। एक सुझाव दिया गया था कि इफको को पद्धतियों का विज्ञापन करने के लिए निर्देशित किया जा सकता है।

XIII माननीय कृषि मंत्री- गुजरात: श्री राघवजीभाई पटेल

गुजरात के माननीय मंत्री ने बताया कि वे जैविक खेती के लिए किसानों को 900 रुपये का वर्कआउट प्रदान कर रहे हैं। प्राकृतिक कृषि उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार पहले से ही डिजिटल कृषि को कार्यान्वित कर रही है और किसानों को डीबीटी के माध्यम से 2800 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है।

XIV माननीय कृषि मंत्री–त्रिपुरा: श्री प्रणजीत सिंघा रॉय

